केन्द्रीय विद्यालय संगठन(मु0)
18 संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN (HQ)
18, Institutional Area, S.J. Marg, New Delhi-110016.
Tel.: 26858570 Fax 26514179
Website: www.kvsangathan.nic.in

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

By Speed Post/ Email

फ.11-शैक्षिक 029 (वि.)/43/2018-शैक्षिक/2597-2627

दिनांक 07-08-2019

उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
समस्त क्षेत्रीय कार्यालय

विषय :- दिनांक 13 से 19 अगस्त 2019 तक संस्कृत सप्ताह मनाने के संबंध में ।

महोदया/महोदय,

यह निर्णय लिया गया है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन के सभी विद्यालयों में दिनांक 13 से 19 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह मनाया जाए । सभी उपायुक्तों से अनुरोध है कि वे अपने अधीनस्थ सभी केन्द्रीय विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश जारी करें कि वे सप्ताह भर विद्यालय स्तर पर संस्कृत से संबन्धित निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करें और विद्यार्थियों को उनमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

संस्कृत सप्ताह के दौरान सभी कार्यदिवसों में प्रार्थना सभा संस्कृत मे आयोजित कि जाए और संस्कृत सप्ताह संबंधी बैनर जो सप्ताह में एक बार लगया जाता है उसे सप्ताह भर प्रार्थना सभा में लगाया जाए। प्रार्थना के दौरान प्रतिदिन आयोजित किए जाने वाले सभी बिन्दु जैसे:- प्रतिज्ञा, आज का विचार, प्रमुख समाचार, विशेष कार्यक्रम, समूह गान इत्यादि संस्कृत में ही आयोजित किए जाए।

कक्षा VI से VIII और कक्षा IX से XII के विद्यार्थियों के लिए केन्द्रीय विद्यालयों मे संस्कृत सप्ताह के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए:-

क्र.	आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता	ग्रुपों कि सं.	आवंटित अधिकतम समय (प्रति प्रतिभागी)
1.	संस्कृत श्लोक वाचन	दो (कक्षा VI से VIII और कक्षा IX से XII)	3 मिनट
2.	संस्कृत प्रश्नोतरी *	दो (कक्षा VI से VIII और कक्षा IX से XII)	-
3.	पावर प्वाइंट के द्वारा संस्कृत मे कहानी कहना	दो (कक्षा VI से VIII और कक्षा IX से XII)	4 मिनट
4.	संस्कृत में समूह गान प्रतियोगिता **	दो (कक्षा VI से VIII और कक्षा IX से XII)	3 मिनट
5.	महान संस्कृत विद्वानो की जीवनी, उनके कार्याओं तथा प्राचीन भारतीय विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी के संबंध में निबंध लेखन	दो (कक्षा VI से VIII और कक्षा IX से XII)	90 मिनट
6.	नाट्य मंचन/ समसामयिकी /आधुनिक सामाजिक मुद्दों पर संस्कृत में	एक (कक्षा VI से XII)	10 मिनट

*संस्कृत साहित्य पाठ्य सामाग्री पौराणिक वैज्ञानिकों एवं शिक्षाविदों विभिन राष्ट्रिय स्तर के संगठनों जैसे- भारत सरकार के सत्यमेव जयते, केविसं तत पूषन अपावृण जैसे आदर्श संस्कृत वाक्यों के संबंध में ।

** गीत या तो नया बनाया गया हो या किसी क्षेत्रीय/अन्य भाषाओं से संस्कृत में अनुदित किया हो।

विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति आदर-सम्मान उत्पन्न करने के लिए सभी संभव प्रयास किए जाए, तथापि उत्कृष्ठ निष्पादन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण – पत्र एवं पुरुष्कार प्रदान किए जाए। ऐसी प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन और उसमे प्रतियोगिता हेतु मानदंड विद्याल स्तर पर ही तय किया जाए। विद्यालय स्तर पर संस्कृत प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्तकर्ताओं को क्षेत्रीय स्तर पर और फिर राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेना होगा। विद्यालय स्तर पर आयोजित संस्कृत सप्ताह समारोह का विवरण विद्यालय की वैबसाइट पर तुरंत अपलोड किया जाए।

आशा है कि दिनांक 13 से 19 अगस्त, 2019 तक संस्कृत सप्ताह समारोह को सभी के विद्यालयों में मनाने और उसमे विद्यार्थियों की सक्रिय प्रतिभागिता हेतु सभी संभव प्रयास किये जाएंगे और इस कार्यक्रम को बहुत ही बेहतर ढंग से सफल बनाया जाएगा। क्षेत्रीय कार्यालय के अधीनस्थ के विद्यालयों में संस्कृत सप्ताह के आयोजन संबधी समेकित रिपोर्ट उनके फोटोग्राफ सहित 24 अगस्त 2019 तक ई-मेल actrgkvshq@gmail.com पर भेजी जाए।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

भवदीया,

(सोना सेठ)
सहायक आयुक्त (प्रशिक्षण)

प्रतिलिपि:-

1. आयुक्त, केविसं (मु.), नई दिल्ली के निजी सचिव।
2. अपर आयुक्त (प्रशा. /शै.) केविसं (मु.), नई दिल्ली के निजी सचिव।
3. उपायुक्त (ईडीपी), केविसं (मु.), नई दिल्ली की इस अनुरोध के साथ कि वे इसे केविसं कि वैबसाइट पर अपलोड करें।
4. गार्ड फ़ाइल।

सहायक आयुक्त (प्रशिक्षण)